मेरे मन मंदिर में आन पधारो महावीर भगवान | By Meena Tanwar

मेरे मन मंदिर में आन
पधारो महावीर भगवान्
पधारो महावीर भगवान्,
बिराजो महावीर भगवान्
मेरे मन मंदिर में ....

मंदिर आऊं शीश नवाऊँ
प्रभु चरणों में दीप जलाऊं
निशदिन रहे तुम्हारा ध्यान
पधारो महावीर भगवान्
मेरे मन मंदिर में ....

प्रभु हम आये शरण तिहारी
पूजा हो स्वीकार हमारी
स्वामी तुम हो करुणा निधान
पधारो महावीर भगवान्
मेरे मन मंदिर में ....

टूटा फूटा मंदिर मेरा
भगवन छाया घोर अँधेरा
आके देखो पड़ा सुनसान
पधारो महावीर भगवान्
मेरे मन मंदिर में ....

प्रभु जी तुम आनंद सरोवर
रूप तुम्हारा महा मनोहर
स्वामी आके लगाओ ध्यान
पधारो महावीर भगवान्
मेरे मन मंदिर में ....

मीना तंवर शरण में आये
तेरी गाथा सबको सुनाये
कर दो कर्मो का कल्याण
पधारो महावीर भगवान्
मेरे मन मंदिर में ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a4%a8-%e0%a4%ae%e0%a4%82%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%b0-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%86%e0%a4%a8-%e0%a4%aa%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%8b/